दिनांकः 11.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्र में एनडीए सरकार के गठन के साथ ही केन्द्रीय मंत्रियों के पदभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी है। अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे। भूपेन्द्र यादव ने पर्यावरण मंत्रालय का प्रभार ग्रहण किया। कानून मंत्रालय का दूसरी बार पदभार संभालने के बाद अर्जुनराम मेघवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोगों को त्वरित और सुगम न्याय दिलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

.............

इससे पहले, कल शाम प्रधानमंत्री ने मंत्रालयों का बंटवारा किया। राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय, अमित शाह को गृह और सहकारिता, निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्रालय का जिम्मा सौंपा है। शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री बनाया गया है। नितिन गडकरी के पास लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का दायित्व रहेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय की कमान दी गयी है। डॉ. मनसुख मांडविया को खेल और युवा मामले तथा अन्नपूर्णा देवी को महिला और बाल विकास मंत्री बनाया गया है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर रहे हैं। सबसे पहले, ऊर्जा मामलों पर समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय में होने वाली इस बैठक के बाद राज्य सरकार के बजट और विभिन्न घोषणाओं की क्रियान्विती की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सरकार की सौ दिन की कार्य योजना के तहत हुए कामों पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद हैं।

000

बीकानेर के स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा राहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि समारोह में एक हजार 569 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें से 1 हजार 245 छात्र और 324 छात्राएं शामिल हैं। 19 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 3 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

000

जम्मू–कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले में मारे गये प्रदेश के चार लोगों के शव आज रेलगाड़ी से जयपुर जंक्शन पहुंचे। चौमूं कस्बे में घटना को लेकर लोगों में गुस्सा व्याप्त है। हमले के विरोध में लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाली और नारेबाजी की। हमले में मारे गये लोगों के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की जा रही है।

एहतियात के तौर पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। गौरतलब है कि इस हमले में दस लोगों की मृत्यु हो गयी थी, जिसमें चौमूं और हरमाड़ा के चार लोग शामिल हैं।

000

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दौसा के जिरोता स्थित पायलट स्मारक पर उनकी स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

000

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर आज शाम से शुरू हो रहा है। 21 दिन के इस शिविर में 15 विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसमें कबड्डी, खो–खो, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, हॉकी, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल और पैरा एथलेटिक्स खेल शामिल हैं।

000